भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-4230

उत्तर दिनांक 26/03/2025 को दिया गया

यूरेनियम आयात

4230. डॉ. दग्गुबाती पुरंदेश्वरी

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) वर्तमान में भारत द्वारा जिन प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय स्रोतों से यूरेनियम आयात किया जाता है, उनका तथा वर्ष 2020 से उपर्युक्त देशों से आयातित यूरेनियम का देशवार और वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) यूरेनियम आयात में लागत स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए निर्यातक देशों के साथ दीर्घकालिक मूल्य निर्धारण समझौतों का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2020 से यूरेनियम के आयात के लिए आबंटित, स्वीकृत, वितरित और व्यय की गई राशि का ब्यौरा क्या है तथा देश में खनन किए गए यूरेनियम की तुलना में आयातित यूरेनियम की लागत का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(घ) आयातित यूरेनियम पर भारत की निर्भरता को कम करने और घरेलू यूरेनियम उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए/किए जा रहे हैं; और

(ङ) क्या सरकार के पास भारत की परमाणु ऊर्जा संयंत्र क्षमता का विस्तार करने की योजना को ध्यान में रखते हुए यूरेनियम की अनुमानित भविष्य की मांग के संबंध में कोई डेटा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी संभावित मांग क्या है और सरकार की इसे किस प्रकार पूरा करने की योजना है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) वर्ष 2020-21 से आयातित यूरेनियम का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	आयात का स्रोत	मात्रा एमटीयू में
2020-21	मेसर्स जेएससी एनएसी कजातोम्प्रोम - कजाख्स्तान	999.82
2020-21	मेसर्स कैमेको - कनाडा	1000.479
2023-24	मेसर्स नावोइयूरन स्टेट कंपनी - उज्बेकिस्तान गणराज्य	350
2024-25		250

(ख) वर्तमान में, दीर्घकालिक मूल्य निर्धारण समझौता मेसर्स “नावोइयूरन” स्टेट कंपनी, उज्बेकिस्तान के साथ है। यह संविदा वर्ष 2026 तक वैध है। 1100 MTU की कुल मात्रा में से 600 MTU की आपूर्ति की गई।

(ग) वर्ष 2020 से यूरेनियम के आयात के लिए आवंटित/संस्वीकृत, संवितरित/व्यय की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है:

वित्तीय वर्ष	आवंटित/संस्वीकृत राशि (करोड़ रुपए में)	संवितरित/व्यय की गई राशि (करोड़ रुपए में)	आयातित यूरेनियम की लागत प्रति MTU (करोड़ रुपए में)
2020-21	1200.00	1191.39	0.60
2021-22	0	0	
2022-23	0	0	
2023-24	430.00	427.27	1.22
2024-25	460.00	455.73	1.82

स्वदेशी खनन किए यूरेनियम की लागत अयस्क की निम्न गुणवत्ता के कारण अधिक है।

(घ) परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) का अधिदेश नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम के लिए यूरेनियम की आवश्यकता को पूरा करने का है। यूसीआईएल समय-समय पर परियोजनाएं चला रहा है जिसमें यूरेनियम ईंधन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कुछ मौजूदा इकाइयों की क्षमता विस्तार के साथ-साथ नई परियोजनाएं स्थापित करना शामिल है।

(ङ) सुरक्षोपायों के तहत प्रचालित और प्रस्तावित दाबित भारी पानी रिएक्टरों (पीएचडब्ल्यूआर) की आयातित प्राकृतिक यूरेनियम के लिए अनुमानित भावी मांग वर्ष 2025 से वर्ष 2033 की अवधि के लिए लगभग 9000 एमटीयू है।

*****